| |
|---|
| दिनांक 15.07.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 17/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना अलीगंज

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 14.07.2024 को थाना अलीगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रविन्द्र गार्डेन के पास से साइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 कम्पनी में लोगो को आशियाना देने व निवेशित धनराशि को कई गुना करने के नाम पर ठगी/धोखाधड़ी करने वाले पुरस्कार घोषित अभियुक्त ज्ञानप्रकाश को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना गोमतीनगर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी विवेचना आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ द्वारा की जा रही है। अभियुक्त ज्ञानप्रकाश की गिरफ्तारी हेतु पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा, लखनऊ के विभिन्न थानों पर धोखाधड़ी आदि के **19 अभियोग** पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना अलीगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—ज्ञान प्रकाश निवासी ग्राम सथरी थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या हालपता—सेक्टर—ई थाना अलीगंज, लखनऊ।

## जनपद बरेली/थाना फतेहगंज पूर्वी

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार व 10 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के माल ब्रिकी के 2600/—रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14.07.2024 की रात्रि थाना फतेहगंज पूर्वी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम उचसिया लखनापुर रोड पर चेकिंग के

दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में एक हेड कान्स0 घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–जुनैद घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–लाडला सहित गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के माल ब्रिकी के 2600/–रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर), 02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना फतेहगंज पूर्वी पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से अभियुक्त जुनैद पर 25 हजार रूपये व अभियुक्त लाडला पर 10 हजार रूपये के पुरस्कार घोषित थे। गिरफ्तार अभियुक्त जुनैद के विरूद्ध जनपद बरेली के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जुनैद निवासी मोहल्ला चक महमूद थाना बारादरी जनपद बरेली।

2–लाडला निवासी कादरी मस्जिद के पास थाना बारादरी जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1–चोरी के माल ब्रिकी के 2600/–रूपये नगद।

2–01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर)।

3–02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद सहारनपुर/थाना नकुड़

- **25 हजार रूपये एवं 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन, 11 सिम बरामद**

दिनांक 14.07.2024 को थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मेरठ सरधना नहर पुल के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त चादंनी उर्फ चन्दन को गिरफ्तार

किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन, 11 सिम बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद गोरखपुर, बलिया, मऊ, भदोही, सहारनपुर के विभिन्न थानो में धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 23 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद सहारनपुर एवं जनपद गोरखपुर से वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद सहारनपुर से 25 हजार रूपये एवं जनपद गोरखपुर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना नकुड़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—चादंनी उर्फ चन्दन निवासी ग्राम तिलौली धरमेर थाना लार बनकट जनपद देवरिया, हालपता ग्राम छतौनी थाना रसाड़ा जनपद बलिया।

**बरामदगी**

1—नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन, 11 सिम।

## जनपद खीरी/थाना मोहम्मदी

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **लूट/चोरी के 02 लाख 15 हजार रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 15.07.2024 को थाना मोहम्मदी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गोमती पुल के पास से 02 अभियुक्तों 1—मनोज कुमार उर्फ राहुल 2—किशोर को गिरफ्तार कर लूट/चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट/चोरी के 02 लाख 15 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना मोहम्मदी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट/चोरी की घटनाये कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना मोहम्मदी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ राहुल के विरूद्ध जनपद बस्ती, महराजगंज, कुशीनगर, बहराइच, फतेहगढ़, मीरजापुर, सीतापुर, खीरी के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 31 अभियोग व अभियुक्त किशोर के विरूद्ध जनपद सीतापुर, खीरी के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—मनोज कुमार उर्फ राहुल निवासी करवल कालोनी कस्बा व थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती हालपता—भटपुरवा कालोनी थाना गोला जनपद खीरी।

2—किशोर निवासी रौहतरा थाना रौहतरा जनपद कटियार, बिहार हालपता—भटपुरवा कालोनी थाना गोला जनपद खीरी।

**<u>बरामदगी</u>**

1—लूट/चोरी के 02 लाख 15 हजार रूपये नगद।

2—01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

## <u>जनपद फतेहपुर/थाना बिन्दकी</u>

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 50 कुन्तल सरिया**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 15.07.2024 को थाना बिन्दकी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जनता बाइपास के पास से 03 अभियुक्तों 1— मो0 सलीम उर्फ

ठेकेदार 2–अनवर उर्फ रमजानी उर्फ छोटू 3–पहलवान उर्फ सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट की 50 कुन्तल सरिया, 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.05.2024 को थाना बिन्दकी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बिन्दकी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सरिया उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बिन्दकी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–मो0सलीम उर्फ ठेकेदार निवासी बाबूपुरवा थाना बाबूपुरवा, हालपता मीरपुर तालुवा थाना रेलबाजार कमिश्नरेट कानपुर नगर।

2–अनवर उर्फ रमजानी उर्फ छोटू निवासी कबाड़ी मार्केट पीरनपुर थाना कोतवाली नगर जनपद फतेहपुर।

3–पहलवान उर्फ सुनील कुमार निवासी मंगल बिहार फेज–1 थाना चकेरी कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूट की 50 कुन्तल सरिया।

2–01 मोबाइल फोन।

3–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## <u>जनपद मुजफ्फरनगर/थाना खतौली</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14/15.07.2024 की रात्रि थाना खतौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर फलावदा लिंक रोड पर रजवाहे के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल

सवार बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त निजामुद्दीन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मेरठ, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– निजामुद्दीन निवासी ग्राम राधना इनायतपुर थाना किठौर जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## थाना मुजफ्फरनगर/थाना सिविल लाइन

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **22 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की 04 मोटर साइकिल**
- **02 मोबाइल फोन**
- **01 ई–रिक्शा बरामद**

दिनांक 15.07.2024 को थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर महावीर चौक के पास चेकिंग के दौरान 04 अभियुक्तों 1–अनस 2–सुऐब 3–समीर 4–अरशद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 22 हजार रूपये नगद, चोरी की 04 मोटर साइकिल, 02 मोबाइल फोन, 01 ई–रिक्शा बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर, शामली व दिल्ली के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 06–06 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटर साइकिल आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अनस निवासी बैहटा हाजीपुर थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

2–सुऐब निवासी बैहटा हाजीपुर थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

3–समीर निवासी बैहटा हाजीपुर थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

4–अरशद निवासी बैहटा हाजीपुर थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–22 हजार रूपये नगद।

2–चोरी की 04 मोटर साइकिल।

3–02 मोबाइल फोन।

4–01 ई–रिक्शा।

## जनपद बागपत/थाना खेकड़ा

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 15.07.2024 को थाना खेकड़ा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बडा गांव बैरियर के पास से 04 अभियुक्तों 1–अंशुल उर्फ बंशु 2–विपिन 3–अरूण उर्फ मुन्ना उर्फ चायनीज 4–सुमित को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 13.07.2024 को थाना खेकड़ा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना खेकड़ा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना खेकड़ा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंशुल उर्फ बंशु निवासी ग्राम काठा थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत।

2–विपिन निवासी जी0डी0ए0 फ्लैट थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

3–अरूण उर्फ मुन्ना उर्फ चायनीज निवासी ग्राम टीला शहवाज थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

4–सुमित निवासी ग्राम टीला शहवाज थाना लोनी बार्डर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 मोटर साइकिल।

## एएनटीएफ यूनिट लखनऊ/एएनटीएफ थाना बाराबंकी

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 08 करोड़ 16 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 04 किलो 80 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर 06 मोबाइल फोन**
- **02 मोटर साइकिल, 01 कार बरामद**

दिनांक 14.07.2024 को एएनटीएफ थाना बाराबंकी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगवा लक्ष्मीलाइन होटल के पास थाना कोर्रा जनपद हजारीबाग से 06 अभियुक्तों 1–मो0खालिद 2–मो0नुरूल्ला 3–बलराम कुमार 4–सुरेश 5–विजय कुमार 6–मो0सलाउद्दीन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 08 करोड़ 16 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 04 किलो 80 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर, 06 मोबाइल फोन, 02 मोटर साइकिल, 01 कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोर्रा जनपद हजारीबाग झारखण्ड पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मो0खालिद निवासी बरवाडीह थाना पत्थलगड्डा जनपद चतरा झारखण्ड।

2—मो0नुरूल्ला निवासी आजाद मुहल्ला वदेइरफा कॉलोनी थाना सदर जनपद चतरा झारखण्ड।

3—बलराम कुमार निवासी तपसागेडवा थाना सिमरिया जनपद चतरा झारखण्ड।

4—सुरेश निवासी लोवागड्डा थाना सदर जनपद चतरा झारखण्ड।

5—विजय कुमार निवासी बरवाडीह थाना पत्थलगड्डा जनपद चतरा झारखण्ड।

6—मो0सलाउद्दीन निवासी बरवाडीह थाना पत्थलगड्डा जनपद चतरा झारखण्ड।

**बरामदगी**

1—लगभग 08 करोड़ 16 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 04 किलो 80 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर।

2—06 मोबाइल फोन।

3—02 मोटर साइकिल, 01 कार।

**जनपद बांदा/थाना कालिंजर**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 11 लाख रूपये कीमत के 55 किलो 26 ग्राम अवैध गांजा**
- **06 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 15.07.2024 को थाना कालिंजर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कालिंजर—सतना बार्डर के पास से 05 अभियुक्तों 1—सुनील कुमार 2—उमेश 3—शोएब 4—सनी 5—रितेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 11 लाख रूपये कीमत के 55 किलो 26 ग्राम अवैध गांजा, 06 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कालिंजर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुनील कुमार निवासी गली–3 सिद्धेश्वर नगर थाना मुरार जनपद ग्वालियर मध्यप्रदेश।

2–उमेश निवासी गुरेह थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

3–शोएब निवासी लाहोरी कस्बा व थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर।

4–सनी निवासी शान्तिनगर कालुकुआं थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

5–रितेश कुमार निवासी बहुआ थाना ललौली जनपद फतेहपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 11 लाख रूपये कीमत के 55 किलो 26 ग्राम अवैध गांजा।

2–06 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन।

- **जनपद फतेहपुर/थाना किशनपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 15 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फतेहपुर द्वारा थाना किशनपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/149/120बी/394 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त बच्छराज उर्फ बघेला को आजीवन कारावास व 15 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद गोरखपुर/थाना सिकरीगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तो को 10–10 वर्ष के कारावास की सजा व 05–05 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद गोरखपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद गोरखपुर द्वारा थाना सिकरीगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 498ए/304बी/201 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–गोरखनाथ 2–रामनयन 3–अभियुक्ता को 10–10 वर्ष के कारावास व 05–05 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हमीरपुर/थाना बिंवार (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हमीरपुर द्वारा थाना बिंवार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376(2)(एन)/366 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त शीलू कुमार को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———